पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवाजी की निर्माणाधीन कांस्य मूर्ति का निरीक्षण किया

लखनऊः 8 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपनी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक के साथ आज लखनऊ विश्वविद्यालय में मालवीय सभागार के सामने प्रांगण में छत्रपति शिवाजी महाराज की निर्माणाधीन कांस्य की प्रतिमा का निरीक्षण किया। छत्रपति शिवाजी महाराज की घोडे पर सवार कांस्य की यह प्रतिमा महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध शिल्पकार श्री उत्तम पाचारणे तैयार कर रहे हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज की कांस्य प्रतिमा 2 टन से अधिक वजन है तथा जिसका आकार 14x15x4 है। राज्यपाल ने श्री उत्तम पाचारणे द्वारा निर्मित प्रतिमा की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। निरीक्षण के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस0बी0 निमसे सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व श्री उत्तम पाचारणे द्वारा लखनऊ के मध्य कमान स्थित स्मृतिका में प्रदेश के मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित नायक जदुनाथ सिंह, हवलदार अब्दुल हमीद तथा कैप्टन मनोज पाण्डेय के भित्ति-चित्रों का भी निर्माण किया जा चुका है।

अंजुम/ललित/राजभवन (281/11)